दिनांक–12.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये आज से भरे जाएंगे नाम निर्देशन पत्र।
- चुनाव प्रचार में आई तेजी। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी प्रमुख पार्टियों के दिग्गजों ने संभाला मोर्चा।
- प्रदेश के कई जिलों में आज भी गरज चमक के साथ बारिश की संभावना।
- आईपीएल क्रिकेट में कल मुंबई इंडियंस ने रॉयल चेलेन्जर्स बेगलुरू को 7 विकेट से हराया।

तीसरा चरण नामांकन–प्रदेश

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना आज जारी होगी। इस चरण में दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों की 94 लोकसभा सीटों के लिए 7 मई को मतदान होगा। गुजरात की सभी 26, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य, प्रदेश की 8, छत्तीसगढ की 7, बिहार की 5, असम और पश्चिम बंगाल में चार–चार तथा गोआ और दादरा तथा नागर हवेली और दमन दीव की दो–दो और जम्मू–कश्मीर की एक सीट के लिए वोट डाले जायेंगे।

प्रदेश में तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में कल 12 अप्रैल से नाम निर्देशन पत्र भरे जायेंगे। तीसरे चरण में मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ सहित बैतूल में मतदान कराया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की जॉच की जाएगी। उम्मीदवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

चुनाव प्रचार–प्रदेश

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये 19 अप्रेल को होने वाले मतदान के लिये प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस सहित सभी राजनैतिक दलों द्वारा जोरशोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल मंडला और कटनी जिले में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा गरीबों और किसानों के हित में काम किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सतना और रीवा जिले में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि विकास का इंजन बन गया है।

प्रदेश में स्टार प्रचारकों के दौरों के तहत आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सीधी और छिंदवाड़ा में प्रचार करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर में और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव बालाघाट,छिंदवाड़ा और मंडला में प्रचार करेंगे। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,सांसद विवेक तनखा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव विदिशा और रायसेन में प्रचार करेंगे। सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार भी प्रचार में जुटे हैं।

कार्रवाई / चुनाव प्रचार प्रदेश

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद एक माह से भी कम समय में चुनाव आयोग की टीमों ने सौ करोड़ से ज्यादा की सामग्री और नकद राशि जप्त की है। मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार भी चरम पर है।

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 103 करोड़ 33 लाख रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। इनमें 13 करोड़ 77 लाख रूपये नगद राशि, 24 करोड़ 64 लाख रूपये की शराब, करीब 19 करोड़ रूपये मूल्य की ड्रग्स शामिल है। इसी तरह 36 करोड़ रूपये मूल्य की अन्य सामग्री है। वही, सी–विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की अब तक 2 हजार 852 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारकों के दौरों के तहत आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सीधी और छिंदवाड़ा में प्रचार करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर में और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव बालाघाट,छिंदवाड़ा और मंडला में प्रचार करेंगे। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,सांसद विवेक तनखा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव विदिशा और रायसेन में प्रचार करेंगे।–संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल*

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मतदाता जागरुकता

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान के तहत गतिविधियां जारी है। प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जबलपुर शहर के महाकौशल महाविद्यालय में मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को मतदान कराने के लिए प्रेरित किया गया। बालाघाट जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। म०प्र० जल निगम द्वारा संचालित समूह जल प्रदाय योजना में मतदाता जागरुकता स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गावों में ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई एवं मतदान करने के प्रति प्रेरित किया गया। खरगोन जिले में गणगौर माता की बाड़ी के सामने श्रद्धालुओं ने माता के रथों के समक्ष मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई गई। खण्डवा जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नर्मदापुरम के बाईखेड़ी ग्राम में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कुर्सी दौड़ आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया।

मौसम

बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आने की इस वजह से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र के अधिकतर जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश हो रही है। कल भी भोपाल, मुरैना, छिंदवाड़ा, विदिशा, सीहोर, देवास, रायसेन, बैतूल, राजगढ़, दमोह, कटनी सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। आज भी प्रदेश के कुछ जिलों में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना है। मौसम की मार से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई हैं। जब फसल पकने और कटने का समय आया तो मौसम ने किसानों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। मौसम विभाग ने आगामी 15 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना जताई है।

क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अपनी दूसरी जीत हासिल की। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने 15 ओवर और 3 गेंद में तीन विकेट के नुकसान पर 199 रन बना लिए। सूर्यकुमार यादव ने 19 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली। ईशान किशन ने ने 69 रन बनाए। इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस दो जीत और तीन हार के साथ सातवें स्थान पर है।

आज लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

——————————————